## राजस्थान परिदृश्य

# राजस्थान की 586 ग्राम पंचायतें टी.बी मुक्त घोषित

| | |
|---|---|
| For Prelims – | समसामयिक घटनाएँ: राजस्थान सरकार की प्रमुख कल्याणकारी योजनाएँ |
| For Mains (GS- III)- | समसामयिक मामले: राजस्थान की प्रमुख विकास परियोजनाएँ |

### ➲ चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, भारत सरकार के केंद्रीय क्षय अनुभाग ने राजस्थान की 586 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया है।

### ➲ मुख्य बिंदु :

- वर्ष 2025 तक राज्य को टीबी मुक्त प्रदेश बनाने के लक्ष्य को अर्जित करने हेतु चिकित्सा विभाग द्वारा वर्ष 2024 से 9325 ग्राम पंचायतों में 'टीबी मुक्त राजस्थान' अभियान आयोजित किया जा रहा है।

**प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान:**

- **शुरुआत-** 9 सितम्बर, 2023
- **सम्बद्ध मंत्रालय -**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (भारत सरकार)
- **लक्ष्य –** वर्ष 2025 तक टीबी का उन्मूलन।

**नोट :** टीबी उन्मूलन के लिए वैश्विक लक्ष्य वर्ष 2030 है।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## नि-क्षय मित्र पहल

- यह टीबी रोग से पीड़ित लोगों को गोद लेने की योजना है। इस योजना के तहत कोई भी सामान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, राजनीतिक दल, गैर सरकारी संस्थान, कॉर्पोरेट संस्थान टीबी के मरीज को गोद ले सकता है। इस अभियान के तहत व्यवस्था की गई है कि निक्षय मित्र बनने वाला व्यक्ति या संस्था कम से कम एक वर्ष के लिए और अधिक से अधिक तीन वर्ष के लिए किसी गांव, वार्ड, पंचायत, ब्लॉक या जिले के किसी टीबी रोगियों को गोद लेकर उन्हें भोजन, पोषण, चिकित्सा आजीविका के स्तर पर जरूरी मदद उपलब्ध करा सकते हैं।

## 'टीबी मुक्त पंचायत' पहल:

- 24 मार्च, 2023 को विश्व टीबी रोग दिवस' पर प्रधानमंत्री द्वारा वाराणसी में आयोजित 'वन वर्ल्ड टीबी समिट-2023'का उद्घाटन किया गया तथा 'टीबी मुक्त पंचायत' पहल की शुरुआत की।
- यह टीबी के लिए लघु निवारक उपचार और परिवार-केंद्रित देखभाल मॉडल की आधिकारिक अखिल भारतीय पहल है।
- भारत अब वर्ष 2025 तक टीबी को समाप्त करने के लक्ष्य पर काम कर रहा है।

## वैश्विक प्रयास:

- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा "Find. Treat. All. #EndTB" संयुक्त पहल ग्लोबल फंड और स्टॉप टीबी पार्टनरशिप के साथ एक शुरू की गई है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**PYQ.**

**Q. राजस्थान में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?**

(a) इस योजना का नारा है 'आपणी योजना आपणो विकास।

(b) इस योजना में वित्त पोषण के लिये केन्द्र व राज्य सरकार के बीच 60:40 के अनुपात में हिस्सेदारी होती है।

(c) इस योजना में विशेष ध्यान जनप्रतिनिधियों एवं कार्मिकों के क्षमता संवर्धन पर है।

(d) पंचायत सशक्तिकरण अभियान का ही नाम बदलकर राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान किया गया है।

[a]

[RAS Prelims 2021]

**अभ्यास प्रश्न**

**1. हाल ही में, भारत सरकार के केंद्रीय क्षय अनुभाग द्वारा राजस्थान की कितनी ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया है?**

(a) 486

(b) 586

(c) 576

(d) 666



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# मुख्यमंत्री नि:शुल्क दवा योजना में राजस्थान प्रथम

For Prelims – समसामयिक घटनाएँ: राज्य सरकार की प्रमुख कल्याणकारी योजनाएँ
For Mains (GS- I)- समसामयिक मामले: राजस्थान की प्रमुख विकास परियोजनाएँ

## ➲ चर्चा में क्यों?

- हाल ही भारत सरकार के स्वास्थ्य परिवार एवं कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी रैंकिग में नि:शुल्क दवा योजना के संचालन में राजस्थान प्रथम स्थान पर रहा है।

## ➲ मुख्य बिंदु :

- जून, 2024 में भी राजस्थान ने 76.78 अंको के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया था।
- तेलंगाना द्वितीय स्थान पर रहा है।

### मुख्यमंत्री नि:शुल्क दवा योजना:

- राजस्थान में मुख्यमंत्री नि:शुल्क दवा योजना 2 अक्टूबर, 2011 को लागू की गई।
- इस योजना के तहत् सभी मरीजों को सामान्य उपयोग के लिए दवाएँ सरकारी अस्पतालों में नि:शुल्क उपलब्ध करवाई जा रही हैं।
- योजना के तहत 1828 दवाएँ अनुमोदित हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**PYQ.**

**Q. मुख्यमंत्री नि: शुल्क दवा योजना राजस्थान में लागू की गई थी-**

(a) 2 सितम्बर, 2011

(b) 2 सितम्बर, 2010

(c) 2 अक्टूबर, 2011

(d) 2 अक्टूबर, 2010

**[c]**

**(RAS Prelims 2018)**

**अभ्यास प्रश्न**

**1. भारत सरकार के स्वास्थ्य परिवार एवं कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी रैंकिग में नि:शुल्क दवा योजना के संचालन में राजस्थान कौनसे स्थान पर रहा है?**

(a) द्वितीय

(b) तृतीय

(c) प्रथम

(d) पंचम



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# बतुल बेगम

For Prelims – समसामयिक घटनाएँ: वर्तमान में चर्चित व्यक्ति
For Mains (GS- III)- समसामयिक मामले: वर्तमान में चर्चित व्यक्ति

## ➲ चर्चा में क्यों?

- जयपुर की मांड, और लोक गायिका बतुल बेगम अपने ग्रुप 'बसंत' के साथ फ्रांस में आयोजित ओलंपिक गेम्स में प्रस्तुति देंगी।

## ➲ मुख्य बिंदु :

- बतुल बेगम के साथ अनवर हुसैन, सेनू सपेरा, मनवर, फरहान साहिल और लूमनाथ भी राजस्थानी कला की प्रस्तुति देंगे।
- बतुल बेगम को वर्ष 2022 में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 'नारी शक्ति सम्मान' से सम्मानित किया गया।

**PYQ.**

**Q.** गवरी देवी जिस गायन शैली से संबद्ध थी–
(a) लंगा
(b) ठुमरी
(c) तालबंदी
(d) मांड

[d]

(RAS Prelims 2013)



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

अभ्यास प्रश्न

1. बतुल बेगम का सम्बन्ध कला की किस शैली से है?

(a) कथक

(b) मांड गायिकी

(c) बांसुरी वादन

(d) चित्रकला


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना

**For Prelims –** समसामयिक घटनाएँ: राजस्थान सरकार की प्रमुख कल्याणकारी योजनाएँ

**For Mains (GS- III) –** समसामयिक मामले: राजस्थान की प्रमुख विकास परियोजनाएँ

## ➲ चर्चा में क्यों?

- हाल ही में राज्य सरकार द्वारा किसानों और पशुपालकों की जरुरतों का ध्यान रखते हुए गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना की घोषणा की गई है।

## ➲ मुख्य बिंदु :

- योजना के प्रथम चरण में 5 लाख गोपालक परिवारों को पशुपालन, डेयरी से संबंधित गतिविधियों तथा शेड निर्माण हेतु एक लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त अल्पकालीन ऋण उपलब्ध करवाया जाएगा।

**PYQ.**

**Q.** राष्ट्रीय कृषि विस्तार एवं तकनीकी मिशन में वित्त पोषण में राजस्थान सरकार का हिस्सा क्या है?

(a) 20 प्रतिशत

(b) 40 प्रतिशत

(c) 30 प्रतिशत

(d) 50 प्रतिशत

**[b]**

**(RAS Prelims 2021)**



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## अभ्यास प्रश्न

1. गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के तहत गोपालकों को कितनी राशि का ब्याज मुक्त अल्पकालीन ऋण उपलब्ध करवाया जाएगा?

(a) एक लाख

(b) दो लाख

(c) पचास हज़ार

(d) तीस हज़ार



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## चर्चा में रहा देश – बांग्लादेश

For Prelims – विश्व एवं भारत का भूगोल
For Mains (GS- III)- पृथ्वी विज्ञान (भूगोल एवं भू – विज्ञान) – प्रमुख भू राजनीतिक समस्याएँ

### ➲ चर्चा में क्यों?

- **बांग्लादेश में छात्रों के हिंसक प्रदर्शन और सुरक्षा बलों की गोलीबारी में लगभग 200 लोगों की मौत हो गई।**
- **देश में विरोध प्रदर्शन की शुरूआत तब हुई जब सुप्रीम कोर्ट ने बांग्लादेश के सरकारी आदेश को यथास्थिति रखा, जिसमें कहा गया कि सभी सरकारी नौकरियों का लगभग 30 प्रतिशत आरक्षण उन स्वतंत्रता सेनानियों के वंशजों के लिए आरक्षित होगा जिन्होंने वर्ष 1971 में बांग्लादेश की स्वतंत्रता में योगदान दिया था।**






उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **बांग्लादेश के स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेने वाले लोगों को 'मुक्तियोद्धा' के नाम से जाना जाता है।**

**भौगोलिक अवस्थिति:**

- **बांग्लादेश दक्षिण एशिया में स्थित देश है।**
- **यह देश उत्तर, पश्चिम और पूर्व में भारत के साथ 4,096 किलोमीटर की अंतरराष्ट्रीय सीमा साझा करता है।**
- **यह देश दक्षिण-पूर्व में म्यांमार के साथ स्थलीय सीमा तथा दक्षिण में बंगाल की खाड़ी के साथ तटीय सीमा साझा करता है।**
- **पांच भारतीय राज्य बांग्लादेश के साथ अपनी सीमा साझा करते हैं। इन राज्यों में पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम शामिल हैं।**

| राज्य | कुल लंबाई (किमी में) |
|---|---|
| पश्चिम बंगाल | 2216.70 |
| असम | 263.00 |
| मेघालय | 443.00 |
| त्रिपुरा | 856.00 |
| मिजोरम | 318.00 |
| कुल | 4096.70 |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- बांग्लादेश आठवां सबसे अधिक आबादी वाला देश होने के साथ-साथ दुनिया के सबसे घनी आबादी वाले देशों में से एक है।
- बंगाल की खाड़ी बांग्लादेश में तटीय क्षेत्रों की जलवायु और जैव विविधता के निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।
- बांग्लादेश की नदी प्रणाली इसके भूगोल और सामाजिक-आर्थिक ताने-बाने के लिए एक आवश्यक तत्व है। तीन प्रमुख नदियाँ - गंगा, ब्रह्मपुत्र और मेघना तथा उनकी सहायक नदियां देश में एक विशाल नदी तंत्र का नेटवर्क बनाती हैं।
- **ढाका -** राजधानी और सबसे बड़ा शहर।
- **तटीय क्षेत्र -** लगभग 580 किलोमीटर तक फैला हुआ है जिसमें दुनिया का सबसे लंबा प्राकृतिक समुद्र तट कॉक्स बाजार और दुनिया का सबसे बड़ा मैंग्रोव वन सुंदरबन शामिल है।
- **मुद्रा -** टका (BDT)

**PYQ.**

**Q.** नील नदी पर टिप्पणी लिखिये।

(50 शब्द)

(RAS Mains 2010)



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**अभ्यास प्रश्न**

1. **निम्नलिखित में से कौनसा भारतीय राज्य बांग्लादेश के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमा साझा नहीं करता है?**

(a) मेघालय

(b) असम

(c) मणिपुर

(d) पश्चिम बंगाल

UTKARSH CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास खान क्वेस्ट - 2024

**For Prelims –** समसामयिक घटनाएँ: भारतीय एवं अंतरराष्ट्रीय महत्त्व की प्रमुख समसामयिक घटनाएँ एवं मुद्दे

**For Mains (GS- III)-** समसामयिक मामले: राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय महत्त्व की समसामयिक घटनाएँ

## चर्चा में क्यों?

- मंगोलिया में आयोजित 'बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास खान क्वेस्ट – 2024' में भारतीय सेना की एक टुकड़ी भाग ले रही है।

## मुख्य बिंदु :

- यह अभ्यास 27 जुलाई से 9 अगस्त, 2024 तक मंगोलिया की राजधानी उलानबटार में आयोजित हो रहा है।

### खान क्वेस्ट की पृष्ठभूमि:

- यह अभ्यास 2003 में संयुक्त राज्य अमेरिका और मंगोलियाई सशस्त्र बलों के बीच एक द्विपक्षीय कार्यक्रम के रूप में शुरू हुआ था।
- वर्ष 2006 में खान क्वेस्ट एक बहुराष्ट्रीय शांति सैन्य अभ्यास में परिवर्तित हो गया।
- अभ्यास KHAAN QUEST का गत संस्करण 19 जून से 2 जुलाई, 2023 तक मंगोलिया में आयोजित किया गया था।
- इस सैन्य अभ्यास का आयोजन मंगोलियाई सशस्त्र बलों द्वारा वार्षिक रूप से किया जाता है।

### भारतीय दल:

- इस अभ्यास में मुख्य रूप से मद्रास रेजिमेंट की एक बटालियन के सैनिक भाग ले रहे हैं।
- एक महिला अधिकारी और दो महिला सैनिक भी अभ्यास में भाग ले रहे हैं।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **अभ्यास का उद्देश्य:** इस अभ्यास का उद्देश्य भारतीय सशस्त्र बलों को बहुराष्ट्रीय शांति मिशन के लिए तैयार करना, अंतर-क्षमता और सैन्य तत्परता को बढ़ाना है।
- **भारत-मंगोलिया द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास:** नोमाडिक एलीफेंट का 16वाँ संस्करण जुलाई, 2024 में उमरोई (मेघालय) में फ़ॉरेन ट्रेनिंग नोड में आयोजित किया गया।

**PYQ.**

**Q.** त्रिपक्षीय नौसैनिक अभ्यास 'मालाबार' का 22वाँ संस्करण जून, 2018 में आयोजित हुआ। इस अभ्यास में भारत के अतिरिक्त और कौन से दो देशों ने हिस्सा लिया?

(a) रूस और जापान

(b) जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका

(c) नेपाल और वियतनाम

(d) रूस और बांग्लादेश

[b]

(RAS Prelims 2018)

**अभ्यास प्रश्न**

1. हाल ही में चर्चा में रहा 'बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास खान क्वेस्ट – 2024' का आयोजन किस देश की सेना द्वारा किया गया?

(a) पाकिस्तान

(b) सऊदी अरब

(c) मंगोलिया

(d) कजाकिस्तान



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## महत्त्वपूर्ण दिवस

## कारगिल विजय दिवस (26 जुलाई)

| | |
|---|---|
| For Prelims – | समसामयिक घटनाएँ: भारतीय महत्त्व की प्रमुख समसामयिक घटनाएँ एवं मुद्दे |
| For Mains (GS- III)- | समसामयिक मामले: राष्ट्रीय महत्त्व की समसामयिक घटनाएँ |

### ➲ चर्चा में क्यों?

- **भारत में प्रति वर्ष 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस को वर्ष 1999 में हुए कारगिल युद्ध में भारतीय सशस्त्र बलों की जीत के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।**
- **वर्ष 2024 में 25वाँ कारगिल विजय दिवस मनाया गया।**





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

➲ **मुख्य बिंदु**

- **कारगिल युद्ध जम्मू और कश्मीर के कारगिल जिले में वर्ष 1999 में भारत और पाकिस्तान के बीच लड़ा गया था।**
- **पाकिस्तानी सेना ने नियंत्रण रेखा (LOC) के भारतीय हिस्से में घुसपैठ की तत्पश्चात भारतीय सेना ने पाकिस्तानी कब्जे वाले भारतीय इलाकों को वापस पाने के लिए 'ऑपरेशन विजय' की शुरुआत की।**

**'कारगिल विजय दिवस' और 'विजय दिवस' के बीच अंतर:**

| दिवस- | विजय दिवस | कारगिल विजय दिवस |
|---|---|---|
| मनाया जाता है- | प्रति वर्ष 16 दिसंबर | प्रति वर्ष 26 जुलाई |
| उपलक्ष्य- | वर्ष 1971 में बांग्लादेश मुक्ति वाहिनी और भारतीय वायुसेना द्वारा पाकिस्तानी सशस्त्र बलों के विरुद्ध चलाए गए ऑपरेशन के उपलक्ष्य में। | वर्ष 1999 में हुए कारगिल युद्ध में भारतीय सशस्त्र बलों की जीत के उपलक्ष्य में |
| ऑपरेशन का नाम- | बांग्लादेश मुक्ति संग्राम, बिजॉय डिबोस | कारगिल संघर्ष, ऑपरेशन विजय |
| स्थान- | पूर्वी पाकिस्तान (वर्तमान बांग्लादेश) | कारगिल, जम्मू & कश्मीर (वर्तमान लद्दाख) |
| परिणाम- | भारतीय सेना की जीत, नव-स्वतंत्र राष्ट्र बांग्लादेश का उदय। | भारत ने जीत हासिल की और कारगिल पर पुन: कब्ज़ा कर लिया। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**PYQ.**

**Q.** सूची-I का सूची-II से मिलान करिये तथा नीचे दिये गये कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए-

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (A) 11 जुलाई | (i) विश्व साक्षरता दिवस |
| (B) 12 अगस्त | (ii) राष्ट्रीय खेल दिवस |
| (C) 29 अगस्त | (iii) अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस |
| (D) 8 सितम्बर | (iv) विश्व जनसंख्या दिवस |

**कूट –**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | iv | iii | ii | i |
| (b) | iii | iv | i | ii |
| (c) | ii | iii | i | iv |
| (d) | iv | ii | iii | i |

**[a]**
**[RAS Prelims 2013]**

UTKARSH CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**अभ्यास प्रश्न**

1. **भारत में प्रति वर्ष 'कारगिल विजय दिवस' कब मनाया जाता है?**

**(a) 16 दिसंबर**

**(b) 26 जुलाई**

**(c) 14 फरवरी**

**(d) 25 जुलाई**


Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

### विश्व के वनों की स्थिति 2024 (FAO रिपोर्ट)

For Prelims – विश्व का भूगोल: पर्यावरणीय मुद्दे
For Mains (GS- III)- पृथ्वी विज्ञान (भूगोल एवं भू-विज्ञान): प्रमुख पर्यावरण संबंधी मुद्दे

➲ **चर्चा में क्यों?**




- **हाल ही में, संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) द्वारा विश्व के वनों की स्थिति पर अपनी द्विवार्षिक रिपोर्ट 'स्टेट ऑफ द वर्ल्ड फोरेस्ट्स (SOFO)' प्रकाशित की गई।**
- **विषय – अधिक टिकाऊ भविष्य की दिशा में वन क्षेत्र के नवाचार (Forest-sector Innovations Towards a More Sustainable Future)**


➲ **मुख्य बिंदु**

- **भारत ने वर्ष 2010 से 2020 की अवधि के दौरान सालाना 2,66,000 हेक्टेयर वन क्षेत्र प्राप्त किया, जो अवधि के दौरान सबसे महत्वपूर्ण वन क्षेत्र प्राप्त करने वाले शीर्ष 10 देशों में तीसरा देश है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- चीन 19,37,000 हेक्टेयर के अधिकतम वन क्षेत्र के साथ विश्व में प्रथम स्थान पर है, इसके बाद ऑस्ट्रेलिया 4,46,000 हेक्टेयर और भारत का स्थान है। शीर्ष 10 देशों में चिली, वियतनाम, तुर्की, संयुक्त राज्य अमेरिका, फ्रांस, इटली और रोमानिया शामिल हैं।
- रिपोर्ट में कुछ देशों में वनों की कटाई में उल्लेखनीय कमी पर प्रकाश डाला गया है। जैसे- इंडोनेशिया ने वर्ष 2021 से 2022 तक वनों की कटाई में 8.4 प्रतिशत की कमी की वहीं ब्राज़ील के अमेज़न वर्षा वनों में वर्ष 2023 में वनों की कटाई में 50 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई।
- सकल वैश्विक मैंग्रोव हानि की दर वर्ष 2000 से 2010 और वर्ष 2010 से 2020 की अवधि के दौरान 23 प्रतिशत कम हो गई। हालांकि जलवायु परिवर्तन, जंगल की आग सहित विभिन्न कारकों के परिणामस्वरूप जंगलों की भेद्यता में वृद्धि हुई है।
- जंगल की आग की तीव्रता और आवृत्ति में लगातार बढ़ोतरी देखी गई है जहाँ बोरियल जंगलों में वर्ष 2021 में जंगल की आग के कारण कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन का लगभग एक-चौथाई हिस्सा था।
- वर्ष 2023 में जंगल की आग ने वैश्विक स्तर पर अनुमानित 6,687 मेगाटन कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$) उत्सर्जित किया, जो उस वर्ष जीवाश्म ईंधन जलने के कारण यूरोपीय संघ से कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन के दोगुने से अधिक है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR



SOURCE: Case-study authors' own elaboration.

### अन्य महत्वपूर्ण बिंदु:

- रिपोर्ट में दुनिया भर के 18 केस स्टडीज का उपयोग किया गया है ताकि वन क्षेत्र के नवाचार से सकारात्मक बदलाव आ सके।
- यह दर्शाता है कि वन प्रबंधन में नई तकनीक, नीतियां और समावेशी दृष्टिकोण वनों की रक्षा, पुनर्स्थापना और स्थायी रूप से उपयोग करने की संभावनाओं को कैसे बढ़ा रहे हैं।
- रिपोर्ट को इटली के रोम में आयोजित वानिकी पर FAO समिति (COFO) के 27वें सत्र के दौरान जारी किया गया।
- वर्ष 1995 के बाद से हर दो साल में प्रकाशित होने वाली यह रिपोर्ट सरकारों, नीति निर्माताओं, चिकित्सकों, शिक्षाविदों, छात्रों और नागरिक समाज संगठनों (CSO) के लिए एक महत्वपूर्ण संदर्भ के रूप में कार्य करती है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- यह रिपोर्ट वन संसाधनों के संरक्षण और प्रभावी प्रबंधन को सूचित करके, एक स्वस्थ, टिकाऊ और उत्पादक खाद्य प्रणालियों में योगदान देती है।

**PYQ.**

**Q.** भारत के उष्णकटिबंधीय सदाबहार वनों की भौगोलिक विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

[50 शब्द]

[RAS Mains 2021]

**अभ्यास प्रश्न**

1. हाल ही में, किस संगठन द्वारा 'विश्व के वनों की स्थिति 2024' नामक रिपोर्ट जारी की गई?

(a) संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP)

(b) खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO)

(c) संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP)

(d) जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल (IPCC)


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# टाइफून गेमी

**For Prelims –** विश्व का भूगोल: पर्यावरणीय मुद्दे
**For Mains (GS- II)-** पृथ्वी विज्ञान (भूगोल एवं भू-विज्ञान): प्रमुख पर्यावरण संबंधी मुद्दे

## ➲ चर्चा में क्यों?

- हाल ही में प्रशांत महासागर में उत्पन्न टाइफून गेमी ने ताइवान और फिलीपींस में व्यापक स्तर पर मालहानि की।




## ➲ मुख्य बिंदु

- उत्पत्ति: पलाऊ के पास एक उष्णकटिबंधीय विक्षोभ के रूप में शुरू। (पलाऊ पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में ओशिनिया के माइक्रोनेशिया उपक्षेत्र में एक द्वीपीय देश है।)
- उत्तर-पश्चिमी प्रशांत महासागर में उत्पन्न होने वाले उष्णकटिबंधीय चक्रवात जो मुख्य रूप से 180°E और 100°E के बीच विकसित होते हैं, 'टाइफून' कहलाते हैं।
- वहीं, उत्तरी अटलांटिक, मध्य उत्तरी प्रशांत और पूर्वी उत्तरी प्रशांत क्षेत्र में उत्पन्न होने वाले तूफ़ानों को हयूरिकेन (Hurricane) के नाम से जाना जाता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **दक्षिण प्रशांत और हिंद महासागर क्षेत्र में उत्पन्न होने वाले उष्णकटिबंधीय तूफ़ानों को 'चक्रवात या साइक्लोन' के नाम से जाना जाता है।**

**PYQ.**

**Q. निम्नलिखित जंगलों में से कौन सा जंगल "पृथ्वी ग्रह के फेफड़ों" के रूप में जाना जाता है?**

(a) पूर्वोत्तर भारत के वर्षा वन

(b) टैगा वन

(c) टुंड्रा वन

(d) अमेज़न वर्षा वन

**[d]**

**[RAS Prelims 2013]**

**अभ्यास प्रश्न**

**1. हाल ही में चर्चा में रहा 'टाइफून गेमी' की उत्पत्ति निम्न में से किस क्षेत्र में हुई?**

(a) दक्षिण प्रशांत महासागर

(b) उत्तर-पश्चिमी प्रशांत महासागर

(c) उत्तरी अटलांटिक महासागर

(d) हिंद महासागर



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## पेरिस ओलंपिक – 2024




- 27 जुलाई, 2024 को 'पेरिस ओलंपिक-2024' की आधिकारिक तौर पर शुरुआत हुई। मुख्य समारोह फ्रांस की राजधानी पेरिस में सीन नदी में आयोजित किया गया।
- ओलंपिक इतिहास में पहली बार उद्घाटन समारोह मुख्य स्टेडियम के बाहर आयोजित किया गया।
- भारतीय दल का नेतृत्व (ध्वज वाहक) पीवी सिंधु और शरत कमल द्वारा किया गया।
- पेरिस ओलंपिक का आयोजन 27 जुलाई से 11 अगस्त, 2024 तक किया जायेगा।
- वर्ष 2024 के ओलंपिक में भारत की ओर से 117 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

❖ **भारतीय खिलाड़ियों द्वारा 16 खेल प्रतिस्पर्धाओं में भाग लिया जायेगा; जो निम्न प्रकार है:**

- **तीरंदाजी (Archery)**
- **एथलेटिक्स (Athletics)**
- **बैडमिंटन (Badminton)**
- **मुक्केबाजी (Boxing)**
- **घुड़सवारी (Equestrian)**
- **गोल्फ (Golf)**
- **हॉकी (Hockey)**
- **जूडो (Judo)**
- **रोइंग (Rowing)**
- **नौकायन (Sailing)**
- **शूटिंग (Shooting)**
- **तैराकी (Swimming)**
- **टेबल टेनिस (Table Tennis)**
- **टेनिस (Tennis)**
- **भारोत्तोलन (Weightlifting)**
- **कुश्ती (Wrestling)**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR